निर्गम परिणाम रूपरेखा 2019-20

खंड I

प्रस्तावना

पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा व्यय संबंधी प्रमुख सुधार किए गए हैं। इसमें न केवल मूल्यांकन और अनुमोदन प्रक्रियाओं का सरलीकरण शामिल है, बल्कि बजट की प्रक्रिया में संरचनात्मक परिवर्तन भी शामिल हैं, जैसे,- आयोजना और आयोजना-भिन्न भेद को दूर करना। नतीजतन, लागत-केंद्रों को केवल सांविधिक राजस्व पूंजी ढांचे के भीतर एक एकीकृत रुप में देखा जा रहा है। यह एक और प्रमुख संरचनात्मक सुधार को सक्षम करता है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक योजनाओं और परियोजनाओं को एक अनुवीक्षणीय उत्पादन-परिणाम ढांचे के तहत लाना है।

2017-18 के बाद से, बजट दस्तावेज़ में इंगित की जा रही मंत्रालयों की योजनाओं की वित्तीय रूपरेखा के अलावा, योजनाओं के अपेक्षित आउटपुट और परिणाम भी बजट सहित समेकित परिणामी बजट दस्तावेज में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के निष्पादन में शामिल एजेंसियों को अधिक जवाबदेह बनाने के लिए इन परिव्ययों, उत्पादनों और परिणामों को संसद में माप्य रुप में प्रस्तुत किया जा रहा है। परिव्यय वह राशि है जो बजट में किसी योजना या परियोजना के लिए प्रदान की जाती है; जबकि उत्पादन(आउटपुट) कार्यक्रम संबंधी कार्यों के प्रत्यक्ष और माप्य उत्पाद को संदर्भित करता है, जिसे अक्सर भौतिक शब्दों या इकाइयों में व्यक्त किया गया है। परिणाम का आशय इन सेवाओं के वितरण में सामूहिक परिणाम या गुणात्मक सुधार से है।

परिणाम बजट में (क) वर्ष 2019-20 के लिए वित्तीय परिव्यय (ख) के साथ स्पष्ट रूप से परिभाषित उत्पादन और परिणाम (ग) माप्य उत्पादन और परिणाम संकेतक और (घ) वित्त वर्ष 2019-20 के लिए विशिष्ट उत्पादन और परिणाम लक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। इससे सरकार की विकास कार्यसूची की पारदर्शिता,पूर्वानुमेयता और समझने में आसानी बढ़ जाएगी।

सरकार का लक्ष्य इस अभ्यास के माध्यम से शासन की एक खुली, जवाबदेह, सक्रिय और उद्देश्यपूर्ण शैली को बढ़ावा देने के लिए महज नतीजों पर ध्यान न देकर परिणामोन्मुख उत्पादन और परिणामों पर अधिक ध्यान दिया जाना है। इस प्रयास से मंत्रालयों को योजना के उद्देश्यों पर नज़र रखने और उनके द्वारा निर्धारित विकास लक्ष्यों की दिशा में काम करने में सुविधा होगी।

इस दस्तावेज को 5 जुलाई 2019 को केंद्रीय बजट (वित्त वर्ष 2019-20) के भाग के रूप में प्रस्तुत किया गया था जिसमें शेष 163 योजनाएं शामिल हैं। यहां प्रस्तुत किए जा रहे दस्तावेज में दो खंडों में शेष सीएस / सीएसएस योजनाएं अर्थात् 591 सीएस / सीएसएस योजनाओं में से 428 योजनाएं (वित्त वर्ष 19-20 में 500 करोड़ रुपए से कम परिव्यय वाली) शामिल हैं।

अभिस्वीकृतियाँ

उत्पादन-परिणाम अनुवीक्षण फ्रेमवर्क, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में विभिन्न हितधारकों की सहकारिता, टीमवर्क और सहयोग का परिणाम है।

सभी मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के नेतृत्व में उनके नोडल अधिकारियों तथा विभिन्न सीएस और सीएसएस योजनाओं के प्रभारी प्रभागाध्यक्षों की अथक मदद और समर्थन के बिना इस संपूर्ण फ्रेमवर्क को उपलब्ध कराना संभव नहीं होता।

डॉ. राजीव कुमार, उपाध्यक्ष, नीति आयोग और श्री अमिताभ कांत, सीईओ, नीति आयोग के नेतृत्व में डॉ. शेखर बोनू, डीजी डीएमईओ की अध्यक्षता में विकास अनुवीक्षण और मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) में विषय वस्तु वर्टिकलों और उनकी टीम द्वारा प्रदान की गई सहायता से इस फ्रेमवर्क को व्यापक रूप से लाभ हुआ है।

इसके अलावा, मैं आर्थिक कार्य विभाग में बजट प्रभाग के सभी अधिकारियों को इस फ्रेमवर्क को तैयार करने के संबंध में उनके दृढ़ समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।

इसके अलावा, मैं व्यय विभाग में अपनी टीम के सभी सदस्यों और विशेष रूप से मंत्रालयों और विभागों में वित्तीय सलाहकारों द्वारा इस दस्तावेज के संबंध में दर्शाए गए दृढ़ विश्वास के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं।

उत्पादन-परिणाम अनुवीक्षण फ्रेमवर्क के कार्य में वित्त सचिव श्री सुभाष चंद्र गर्ग की अंतर्दृष्टि और सुझावों से बहुत अधिक लाभ मिला है।

और अंत में, मैं माननीय वित्त राज्य मंत्री श्री अनुराग ठाकुर और माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन का विशेष रूप से धन्यवाद करूंगा जिन्होंने पारदर्शी और जवाबदेह व्यय प्रबंधन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में हमें यह महत्वपूर्ण कदम उठाने में सक्षम बनाने के लिए अपना मार्गदर्शन प्रदान किया।

श्री गिरीश चंद्र मुर्मू
(सचिव, व्यय विभाग)
वित्त मंत्रालय
भारत सरकार

बजट 2019-20 के लिए अनुदान मांगों की सूची

खंड I

क्र.सं.	मंत्रालय	विभाग	मांग सं.	पृष्ठ सं.
1	कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय	कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग	1	1
2	कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय	कृषि, अनुसंधान और शिक्षा विभाग	2	12
3	आयुष मंत्रालय	लागू नहीं	4	23
4	रसायन और उर्वरक मंत्रालय	रसायन और पेट्रोरसायन विभाग	5	30
5	रसायन और उर्वरक मंत्रालय	औषध विभाग	7	34
6	नागर विमानन मंत्रालय	लागू नहीं	8	38
7	कोयला मंत्रालय	लागू नहीं	9	39
8	वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय	वाणिज्य विभाग	10	41
9	वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय	उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग	11	55
10	संचार मंत्रालय	डाक विभाग	12	63
11	संचार मंत्रालय	दूरसंचार विभाग	13	66
12	उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय	उपभोक्ता मामले विभाग	14	86
13	उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय	खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग	15	93
14	कारपोरेट कार्य मंत्रालय	लागू नहीं	16	99
15	संस्कृति मंत्रालय	लागू नहीं	17	102
16	पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय	लागू नहीं	22	120
17	पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय	लागू नहीं	23	125
18	इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	लागू नहीं	24	133
19	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	लागू नहीं	25	140
20	वित्त मंत्रालय	आर्थिक कार्य विभाग	27	165
21	वित्त मंत्रालय	व्यय विभाग	28	167
22	वित्त मंत्रालय	वित्तीय सेवा विभाग	29	171
23	मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय	मत्स्य पालन विभाग	39	180
24	मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय	पशु पालन और दुग्ध विभाग	40	181
25	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग	42	192

26	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय	स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग	43	196
27	भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय	भारी उद्योग विभाग	44	202
28	भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय	लोक उद्यम विभाग	45	208
29	गृह मंत्रालयः गृह मामले	लागू नहीं	46	209
30	गृह मंत्रालयः पुलिस	लागू नहीं	48	217
31	आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय	लागू नहीं	56	226
32	मानव संसाधन विकास मंत्रालय	स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग	57	228
33	मानव संसाधन विकास मंत्रालय	उच्चतर शिक्षा विभाग	58	230

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय **मांग सं. 1**

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

1. हरित क्रांति: एनएमएसए - राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना /पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रुपये में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
160	1. जैविक खेती में किसानों के भागीदारी में वृद्धि और फसलोंपरांत अवसंरचना में वृद्धि	1.1 परियोजना के तहत शामिल किसानों, किसान हित समूहों (एफआईजी) और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की संख्या	40 एफपीसी	1. "भारत जैविक उत्पाद" ब्रांड निर्माण करने के लिए आवश्यक मंडी लिंकेज के साथ जैविक खेती के अंतर्गत लाया गया क्षेत्र	1.1 परियोजना के तहत जैविक खेती के अधीन लाया गया कुल क्षेत्र	20000 हेक्टेयर
		1.2 ऑन फार्म तथा ऑफ फार्म आदानों के अंतर्गत किसानों की संख्या और कवर किया गया क्षेत्र	25000 हे. क्षेत्र 20000 किसान का विकास		1.2 परियोजना के माध्यम से एफपीओ द्वारा सहायता प्राप्त मंडी में शुरू किए गए एनईआर निजी लेबलों की संख्या	इस योजना के अधीन उ.पू. भारत में पहले से ही 7 ब्रांड लॉन्च किये जा चुके हैं
		1.3 गुणवत्ता युक्त बीजों/रोपण सामग्री सहायता के अंतर्गत किसानों की संख्या और कवर किया गया क्षेत्र	20000 किसान, 25000 हे.		1.3 ब्रांडेड एनईआर जैविक उत्पादों की बिक्री/निर्यात	10 % की विर्द्धि
		1.4 आदान सुविधा केंद्रों/कृषि- मशीन कस्टम हायरिंग केंद्रों की संख्या	40			
		1.5 फसलोपरांत अवसंरचनाओं- संग्रहण और श्रेणीकरण इकाईयों तथा समेकित प्रसंस्करण इकाईयों की संख्या और क्षमता	3 वर्ष के लिये, संग्रहण और श्रेणीकरण इकाईयों की स्थापना-175 समेकित प्रसंस्करण इकाइयों की संख्या-10			
		1.6 प्रशिक्षित किसानों की संख्या	20000 किसान			

2. हरित क्रांति: राष्ट्रीय मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता परियोजना (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (रुपए करोड़ में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	***लक्ष्य 2019-20***	**परिणाम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***
324.2	1. उन्नत मृदा स्वास्थ्य के लिए आवश्यक मानव और तकनीकी क्षमता के साथ उन्नत मृदा एवं जांच सुविधाएं	1.1. सुदृढ़ किए जाने / शामिल किए जाने वाली मृदा जांच प्रयोगशालाएं/मोबाइल मृदा जांच प्रयोगशालाओं की संख्या	260	1. उन्नत मृदा और उर्वरक जांच क्षमता	1.1. नए परिवर्धन /सुदृढ़ीकरण के कारण अतिरिक्त मृदा नमूने/परीक्षण क्षमता को जोड़ा जाएगा	9 लाख नमूने/वार्षिक
		1.2. सुदृढ़ किए जाने / शामिल किए जाने वाले उर्वरक क्यूसी प्रयोगशालाओं की संख्या	70		1.2. नए परिवर्धन/सुदृढ़ीकरण के कारण अतिरिक्त उर्वरक परीक्षण क्षमता (प्रति वर्ष नमूनों के संदर्भ में) जोड़ा जाएगा	60,000 नमूने प्रति वर्ष
		1.3. मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण।	630 लाख कार्ड		1.3. कुल मृदा नमूनों का एकत्रण और विश्लेषण किया जाना है।	126 लाख
		1.4. पूर्ण किए गए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण सत्रों की कुल संख्या ।	1850	2.किसानों और खेत कर्मियों की क्षमता में वृद्धि	2.1. प्रशिक्षित किए जाने वाले एसटीएल/विस्तार कर्मचारियों/किसानों/ फील्ड कर्मचारियों की संख्या	72000 कार्मिक लाभान्वित होंगे
		1.5. जैविक आदानों के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र	4.1 लाख			
		1.6 सूक्ष्म पोषक तत्वों संवर्धन और वितरण के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र	5 लाख है.			

3. हरित क्रांति: वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास और जलवायु परिवर्तन (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (रुपए करोड़ में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***	**परिणाम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***
250	1. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास दृष्टिकोण के कवरेज में वृद्धि	1.1. समेकित कृषि प्रणाली - वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास के तहत लाया गया कुल क्षेत्र (हेक्टेयर)	59000 है.	1. अधिक उत्पादकता, सतत, लाभकारी और जलवायु अनुकूल कृषि	1.1. योजना क्षेत्र के फसलन सघनता में वृद्धि	10%
					1.2. योजना क्षेत्र के कृषि आय में % वृद्धि	10-15%
		1.2.आयोजित प्रशिक्षण की संख्या	780 प्रशिक्षण			

4. हरित क्रांति: परम्परागत कृषि विकास योजना (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (रुपए करोड़ में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***	**परिणाम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***
325	1. जैविक खेती प्रणालियों के बारे में जागरुकता बढ़ाना और पीजीएस प्रमाणन के लिए सहायता	1.1 जैविक खेती क्लस्टर प्रदर्शन के तहत अपनाये गए कुल क्षेत्रफल (है. में)	लगभग 4.1 लाख है. क्षेत्र के लक्ष्य को 2018-19 से 2020-21 के दौरान 3 वर्षों में कवर किए जाने का प्रस्ताव है।	1. जैविक प्रमाणीकरण के तहत क्षेत्र की कवरेज में वृद्धि	1.1 जैविक प्रमाणीकरण (है.) के तहत लाये जाने वाले अतिरिक्त क्षेत्र	लगभग 4.1 लाख है. क्षेत्र के लक्ष्य को 2018-19 से 2020-21 के दौरान 3 वर्षों में जैविक प्रमाणन में कवर किए जाने का प्रस्ताव है।
		1.2 सहभागिता गारंटी प्रणाली (पीजीएस) प्रमाणन के लिए सहायता प्राप्त किसानों की संख्या	10 लाख		1.2 प्रमाणित जैविक उत्पाद की मात्रा (एमटी	*[1]

[1] *(डेटा का अनुमान लगाना संभव नहीं है क्योंकि:*
1. बोई जाने वाली फसलें अलग होती हैं और उनकी उपज अलग होती है
2. पैदावार फसल दर फसल और जोत दर जोत भिन्न होती है।
3. भूमि जोत समूह दर समूह भिन्न होती है।
4. जैविक उत्पादन तीसरे वर्ष में पूरी तरह से जैविक प्रमाणित।)

5. हरित क्रांति: राष्ट्रीय कृषि वानिकी परियोजना (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रुपये में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
50	1. वृद्धिकृत वृक्षारोपण	1.1 किसानों के खेतों में लगाए गए वृक्षों की संख्या (करोड़ में)	किसानों के खेतों में 34 लाख वृक्षारोपण	1. वृद्धिकृत हरित कवर और किसानों की समुन्नत क्षमता	1.1 हरित क्षेत्र के तहत शामिल अतिरिक्त क्षेत्र	1 लाख हेक्टेयर
		1.2 संचालित प्रशिक्षणों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों और, अभियानों, आदि की संख्या	15000		1.2 सर्वोत्तम कृषि-वानिकी कार्यों के लिए प्रशिक्षित किसानों की संख्या	70000 किसान
	2. रोपण सामग्री की समुन्नत किस्म	2.1 पौधशाला सेटअप की संख्या	50			

6. हरित क्रांति: राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन - तिलहन और पौध सामग्री (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (रुपए करोड़ में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***	**परिणाम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***
380.13	1. तिलहन के उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि और आयलपाम के तहत क्षेत्र का विस्तार।	1.1 बीज प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि	1.50 लाख क्विंटल	1. उत्पादकता में सुधार और बीज प्रतिस्थापन में सुधार	1.1 जलग्रहण क्षेत्र में एसआरआर में वृद्धि	1%
	2. बेहतर बीज भंडारण क्षमता	2.1 बीज भंडारण क्षमता में वृद्धि	2.00 लाख क्विंटल	2. उत्पादकता में सुधार और बीज प्रतिस्थापन में सुधार	2.1 जलग्रहण क्षेत्र में उत्पादकता में वृद्धि	1%
		2.2 बीज का आकार	3.73 लाख क्विंटल			
	3. बीज ग्राम कार्यक्रम- बीज उपयोग के बारे में बेहतर जागरूकता	3.1 बीज गाँवों की संख्या जिसमें बीज गाँव के कार्यक्रम हुए	60,000			

7. हरित क्रांति: पादप संरक्षण एवं पादप संगरोध उप-मिशन (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (रुपए करोड़ में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***	**परिणाम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***
50	1. कीटनाशकों के अवशेष के आकलन के लिए नमूनों का विश्लेषण	1.1 विश्लेषित नमूनों की संख्या	32000	1. कीट महामारी का प्रकोप और फसल के नुकसान को कम करना	1.1 नियंत्रित और कम की गई कीट संक्रमण की घटनाओं की संख्या।	8[2]
	2. कीट संक्रमण की मॉनीटरिंग	2.1 जितने क्षेत्रफल पर कीट संक्रमण की निगरानी की जा रही है	9 लाख हेक्टेयर			
	3. जैव-नियंत्रण एजेंटों का संवर्धन और संरक्षण	3.1 वह क्षेत्र जिस पर संवर्धन और संरक्षण किया जाता है	4 लाख हेक्टेयर			

[2] *इस संकेतक के लिए लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जा सकता क्योंकि यह जलवायु स्थितियों पर निर्भर करता है। तथापि, लक्ष्य पिछले पांच वर्षों में हुई प्रमुख कीट समस्याओं के औसत के अनुसार निर्धारित किया गया है।*

8. हरित क्रांति: सूचना प्रौद्योगिकी (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रुपये में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	निर्गम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20	परिणाम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20
	क. एनईजीपी-ए - एग्रीसनेट					
40	1. किसानों के पंजीकरण में वृद्धि	1.1 एग्रीसनेट पर पंजीकृत किसानों की संख्या	2 करोड़	1. स्कीमों के बारे में सूचना, विशेषज्ञों, द्वारा परामर्श, बाजार मूल्यों, मौसम रिपोर्टों, मृदा जांच रिपोर्ट का नि:शुल्क प्रचार-प्रसार	1.1 जारी एसएमएस परामर्श की संख्या	500 करोड़
	ख. एनईजीपी-ए					
	1. राज्य कृषि पोर्टलों की शुरूआत	1.1 राज्यों की संख्या जिन्होंने राज्य कृषि पोर्टल विकसित किए हैं	02	1. पोर्टल और मोबाइल ऐप पर बेहतर सूचना प्रसार करना	1.1 राज्य कृषि पोर्टल के सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या - डेटा के आधार पर लक्ष्य निर्धारित किया जाना है	*
	2. डीएसीएंडएफडब्लयू मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोगकर्ताओं की वृद्धि	2.1 पंजीकृत मोबाइल ऐप उपयोगकर्ताओं की संख्या	2,00,000		1.2 डीएसीएंडएफडब्ल्यू मोबाइल एप के सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या	7.6 लाख
	3. स्थानीय विज्ञापनों में बढ़ोत्तरी	3.1 जिलों की संख्या जहां स्थानीय विज्ञापन भेजा जा रहा है	126 जिला		1.3 मोबाइल ऐप पर जोड़ी गई नई सेवाएं	2 सेवाएँ

** लक्ष्य तय नहीं किए जा सकते क्योंकि यह योजना मांग आधारित है; वास्तविक प्रगति की सूचना दी जाएगी।*

9. हरित क्रांति: समेकित कृषि संगणना और सांख्यिकी योजना (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (रुपए करोड़ में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***	**परिणाम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***
224.22	1. प्रमुख फसलों की खेती लागत का अध्ययन	1.1. 25 फसलों की लागत का अनुमान लगाना (हां/नहीं)	230 फसल-वार और राज्य-वार वार्षिक लागत का अनुमान लगाना।	1. योजना के माध्यम से एकत्र किए गए डेटा के उपयोग को बढ़ाना	1.1 प्राप्त की गई ऑफ़लाइन अनुरोधों की संख्या	13
					1.2 लागत अनुमानों के डाउनलोडों की सं.	1200
					1.3 25 फसलों की उत्पादन लागत का अनुमान लगाना	230 फसल-वार और राज्य-वार वार्षिक लागत का अनुमान लगाना
		1.2 प्रमुख फसलों के अग्रिम का अनुमान लगाना (हां/नहीं)	हां			
	2. कृषि संगणना	2.1 कृषि संगणना रिपोर्ट को जारी करना (हां/नहीं)	(i) 36 राज्यो/ के. श. प्रदेशो के प्रथम चरण के आकडो अंतिम रुप देना (ii) 36 राज्यो/ के. श. प्रदेशो के दितिय चरण के आकडो अंतिम रुप देना (iii) 36 राज्यो/ के.श. प्रदेशो के तृतीय चरण के आकड़ों को अंतिम रुप देना	2. चरण-I, II और III रिपोर्ट की उपलब्धता।	2.1 कृषि जनगणना के चरण- I, II और III को पूरा करना (2015-16)	निम्नलिखित 3 (तीन) रिपोर्टों का प्रकाशन, ओपरेशनल होल्दिंग्स के सख्या ऐव क्षेत्रफल पर अखिल भारतीय रिपोर्ट 2015-16, कृषि संगणना 2015-16 पर अखिल भारतीय रिपोर्ट और इंपुट सर्वे 2016-17 क्षेत्रफल पर अखिल भारतीय रिपोर्ट

10. हरित क्रांति: समेकित कृषि सहकारिता स्कीम (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रुपये में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***	**परिणाम**	***संकेतक***	***लक्ष्य 2019-20***
85	1. कृषिगत सहकारी समितियों की वृहदतर कवरेज और मूल्य वर्द्धित कार्यकलापों को सुदृढ़ करना	1.1 नई पंजीकृत सहकारी समितियों की संख्या	38	1. कृषिगत सहकारी समितियों के तहत किसानों/सदस्यों के लिए उन्नत सुविधा	1.1. स्थापित नई सहकारी समितियों के अंतर्गत कवर किए गए किसानों की कुल संख्या	1133
		1.2 सहकारी समितियों में परिवर्तित एसएचजी की संख्या	34		1.2 प्रशिक्षित सदस्यों/किसानों की संख्या	242421
		1.3 संचालित प्रशिक्षणों की संख्या	20194		1.3 विपणन, भंडारण, प्रसंस्करण, भंडारण, शीतागार इत्यादि के लिए सहकारी समितियों के माध्यम से लाभान्वित किसानों की संख्या-	सहकारी समितियों के 2.2 लाख सदस्य
		1.4 राज्य सहकारी परिसंघों के प्रबंधन हेतु विपणन, प्रसंस्करण, भंडारण, शीतागारों आदि के लिए सहायता प्राप्त सहकारी समितियों की संख्या	125		1.4. नई स्थापित जिनिंग/कताई के चलते रोजगार सृजन	19000 कार्मिक दिवस
		1.5 स्थापित जिनिंग/कताई इकाइयों की संख्या	2		1.5.जिनिंग/कताई इकाई के आधुनिकीकरण/विस्तारण/पुनर्वासन के कारण रोजगार निर्माण	19000 कार्मिक दिवस
		1.6 आधुनिकीकृत/विस्तारित/पुनर्वासित जिनिंग/कताई इकाइयों की संख्या	1		1.6 चयनित जिलों में आईसीडीपी परियोजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किसानों की संख्या	12 जिलों में आईसीडीपी से 1.6 लाख सदस्य लाभांवित

11. हरित क्रांति: राष्ट्रीय बांस मिशन (सीएसएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रुपये में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
150	1. बाँस के प्रचार एवम खेती और गुणवत्ता रोपण सामग्री की उपलब्धता में वृद्धि	1.1 गुणवत्ता रोपण सामग्री के लिए स्थापित नर्सरी की संख्या	100	1. गुणवत्ता वाले रोपण सामग्री की उपलब्धता के वजह से उत्पादन में वृद्धि	1.1 सप्लिंग उत्पादन क्षमता (स. लाख में)	25.00 Lakh
		1.2 बांस का वृक्षारोपण के तहत कवर किया गया क्षेत्र (हे.)	15000		1.2 बांस स्टॉक की उपलब्धता(टन)	*[3]
	2. बांस उपचार और संरक्षण इकाइयों को बढ़ावा देना	2.1 स्थापित बांस उपचार इकाइयों की संख्या	40	2.उपचार की सुविधा में वृद्धि	2.1 मूल्य संवर्धन के लिए उपचारित बांस की आपूर्ति(एमटी)	5000
	3. उत्पाद विकास/ प्रसंस्करण इकाइयाँ	3.1 निर्मित उत्पाद लाइनों / इकाइयों की संख्या	250	3. रोजगार सृजन	3.1 व्यक्तिगत दिन / स्व रोजगार के उत्पन्न अवसर	1250 (प्रत्यक्ष) + अप्रत्यक्ष रोजगार
	4. क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण	4.1 आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	50	4. लाभांवित व्यक्ति	4.1 लाभांवित व्यक्ति की सं.	2000

[3] *एनबीएम 2018-19 से चालू है और बांस के उत्पादन की वास्तविक मात्रा का आकलन विभिन्न प्रजातियों के लिए औसत रोटेशन अवधि के बाद किया जा सकता है, जबकि इसका 4 वर्षों के लिए अलग-अलग उपयोग होता है।*

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय **मांग सं. 2**

कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग

1. कृषि विस्तार (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (रु. करोड़ में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	निर्गम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20	परिणाम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20
221.15	1. भावी प्रौद्योगिकियों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए किसानों और विस्तार कार्मिकों का प्रशिक्षण	1.1 कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा प्रशिक्षित किसानों, किसान महिलाओं और विस्तार कार्मिकों की संख्या (लाख में)	15.2	1. किसान केन्द्रित विकास के लिए कृषि पारिस्थितिकीय विशिष्ट प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों का व्यापक अंगीकरण	1.1 नई प्रौद्योगिकियों के अंगीकरण की दर (%)	10
	2. कृषि प्रौद्योगिकियों की स्थान विशिष्टता की पहचान करने के लिए खेत परीक्षण	2.1 कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा आयोजित खेत परीक्षणों की संख्या	28888			
	3. उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों की उत्पादन संभाव्यता को स्थापित करने के लिए अग्रपंक्ति प्रदर्शन	3.1 कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा आयोजित अग्रपंक्ति प्रदर्शनों की संख्या	110112			
	4. बीजों तथा रोपण सामग्री के उत्पादन में वृद्धि	4.1 उत्पादित बीजों की मात्रा (टन)	21000			
		4.2 रोपण सामग्री की संख्या (लाख में)	231.50			
	5. पशुधन विभेदों और फिंगरलिंग्स उत्पादन में वृद्धि	5.1 उत्पादित पशुधन विभेदों और फिंगरलिंग्स की संख्या (लाख में)	119.00			
	6. मृदा और जल के नमूनों का विश्लेषण	6.1 परीक्षित मृदा और जल के नमूनों की संख्या (लाख में)	3.05			

2. **कृषि अभियांत्रिकी (सीएस)**

वित्तीय परिव्यय (रु. करोड़ में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
64.02	1. कृषि में कड़े श्रम में कमी करने, कृषि परिचालनों में समय-सीमा का पालन करने तथा- ऊर्जा प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रीकरण हेतु प्रौद्योगिकियों/ उपकरणों/ मशीनों का विकास/ परिष्करण	1.1 विकसित की गई प्रौद्योगिकी /मशीनों की संख्या	11	1. कृषि यंत्रीकरण का बढ़ा हुआ स्तर	1.1 निविष्टियों के प्रयोग की दक्षता में अपेक्षित वृद्धि प्रतिशत	2%
	2. कृषि पैदावार के प्रसंस्करण तथा मूल्यवर्द्धन के लिए प्रौद्योगिकी/उपकरण/ प्रक्रिया प्रोटोकॉल/उत्पाद का विकास	2.1 मूल्यवर्द्धन के लिए विकसित किए गए प्रक्रिया प्रोटोकॉल की संख्या	3			
		2.2 विकसित किए गए नए मूल्य-वर्द्धित उत्पादों की संख्या	3			
	3. नव-विकसित/ उन्नत प्रोटोटाइप्स का फील्ड- स्तरीय मूल्यांकन तथा अग्र-पंक्ति प्रदर्शन	3.1 उन्नत प्रोटोटाइप्स के अग्र-पंक्ति प्रदर्शनों की संख्या	20			
		3.2 परीक्षित की जाने वाली मशीनों, नमूनों की संख्या	400			
	4. कृषि यंत्रीकरण, प्रसंस्करण तथा मूल्यवर्द्धन से संबन्धित उपकरणों/ मशीनों की कस्टम - हायरिंग, उपयोग	4.1 प्रशिक्षित किए जाने वाले किसानों की संख्या	110			
	तथा रखरखाव के लिए किसानों, उद्यमियों का प्रशिक्षण	4.2 कस्टम हायरिंग तथा उद्यमियों के प्रशिक्षणों की संख्या	10			

3. **प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम) और एनआईसीआरए (सीएस)**

वित्तीय परिव्यय (रू. करोड़ में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
207.04	1. मृदा सूची एवं लक्षण वर्णन	1.1 ब्लॉक स्तर पर विकसित भूमि संसाधनों की सूचियों की कुल संख्या	6	1. प्राकृतिक संसाधनों के दक्ष और किफ़ायती प्रबंध के कारण उत्पादन में लाभ	1.1 फसल उत्पादकता में वृद्धि प्रतिशत	2%
	2. अनुपूरक सिंचाई के लिए मृदा परीक्षण एवं जल संरक्षण के उपाय	2.1 मृदा और जल संरक्षण के लिए विकसित की गई प्रौद्योगिकियों की कुल संख्या	5			
	3. फार्म उत्पादन प्रौद्योगिकियों का प्रणाली-आधारित विकास	3.1 विकसित की गई प्रणाली -आधारित फार्म उत्पादन प्रौद्योगिकियों की कुल संख्या	10			
	4. जैविक फ़ार्मिंग पैकेजों का विकास	4.1 विकसित किए गए पद्धतियों के जैविक फ़ार्मिंग पैकेजों की कुल संख्या	3			
	5. जलवायु सहिष्णु प्रौद्योगिकियों का विकास एवं प्रदर्शन	5.1 विकसित एवं प्रदर्शित जलवायु सहिष्णु प्रौद्योगिकियों की कुल संख्या	5			
	6. मृदा स्वास्थ्य के प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास	6.1 मृदा स्वास्थ्य के प्रबंधन के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों की संख्या	5			
	7. सिंचाई जल प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकियों का डिज़ाइन एवं विकास	7.1 सिंचाई जल प्रबंधन के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों की संख्या	5			

4. बागवानी विज्ञान (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (रू. करोड़ में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	निर्गम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20	परिणाम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20
178.34	1. जननद्रव्य - संग्रह	1.1 जननद्रव्य की संख्या	500	1. फल एवं सब्जियों के सम्भावित उत्पादन एवं उत्पाकदकता में बढ़ोतरी	1.1 फल एवं सब्जियों की सम्भावित उत्पादकता में प्रतिशत बढ़ोतरी	2%
	2. जननद्रव्य का अभिलक्षणन	2.1 जननद्रव्य की संख्या	580	2. फल एवं सब्जियों की नई किस्में आरंभ करना	2. बागवानी फसलों का बढ़ा हुआ सम्भावित सकल उत्पादन (%)	1%
	3. पूर्व-प्रजनन वशंक्रमों का विकास	3.1 पूर्व-प्रजनन वंशक्रमों की संख्या	110		2.1 बागवानी फसलों की नई किस्मों के अतंर्गत कवर सम्भावित क्षेत्र (%)	1%
	4. आशावान/श्रेष्ठ प्रजनन वशंक्रमों की पहचान	4.1 आशावान/ श्रेष्ठ प्रजनन वशंक्रमों की संख्या	100	3. उन्नत प्रजनक बीजों के कारण सम्भावित फसल हानियों में कमी	3.1 विशिष्टक प्रतिबल परिस्थितियों के विरूद्ध बागवानी फसलों की विशेषक विशिष्ट उन्नत किस्मों को आरंभ करने के कारण सम्भावित फसल हानियों में कमी का प्रतिशत	1%
	5. किस्मों/ संकरों को जारी करना	5.1 किस्मों/ संकरों की संख्या	38			
	6. उत्पादन/ सुरक्षा/ सस्योपरांत हैंडलिंग/ प्रसंस्करण/ मूल्यवर्धन/ जैव-प्रौद्योगिकी प्रक्रिया/ नैदानिक किट अथवा प्रकिया, प्रौद्योगिकियों का मानकीकरण	6.1 उत्पादन/सुरक्षा/सस्योपरांत हैंडलिंग/ प्रसंस्करण /मूल्यवर्धन/ जैव-प्रौद्योगिकी प्रक्रिया/ नैदानिक किट अथवा प्रकिया, प्रौद्योगिकियों की संख्या	85			

	7. हितधारकों का प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकियों पर प्रक्षेत्र प्रदर्शन	7.1 प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की संख्या	155			
	8. प्रजनक/सत्यतापूर्वक लेबल किए गए बीज (सब्जी एवं मसाले) उत्पादन में वृद्धि (टन)	8.1 प्रजनक/ लेबल किए गए बीज की मात्रा (टन मे)	2.26			
	9. कंद फसलों के प्रजनक बीज उत्पादन में वृद्धि (टन)	9.1 प्रजनक/सत्यतापूर्वक लेबल किए गए बीज की मात्रा (टन में)	2250			
	10. जड़युक्त कलमों के उत्पादन में वृद्धि (सं.)	10.1 जड़युक्तता कलमों की संख्या (लाख में)	5			
	11. गुणवत्तापूर्ण पादप सामग्री उत्पादन में वृद्धि	11.1 पादप सामग्री की संख्या (लाख में)	12.5			

5. राष्ट्रीय कृषि विज्ञान कोष (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (रू. करोड़ में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	निर्गम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20	परिणाम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20
54.60	1. प्रकाशन	1.1. प्रकाशन की संख्या	45	1. उच्च रेटिंग वाले प्रकाशनों, पेटेंट और प्रौद्योगिकियों में बढ़ोतरी करने के लिए बेहतर अनुसंधान सुविधाएं	1.1 प्रकाशनों की कुल संख्या में से उच्च प्रभाव वाले प्रकाशनों का प्रतिशत	100
	2. पेटेंट	2.1 पेटेंट की संख्या	3			
	3. प्रौद्योगिकियां	3.1 विकसित की गई प्रौद्योगिकियों की संख्या	4			

6. **पशु विज्ञान (सीएस)**

वित्तीय परिव्यय (रु. करोड़ में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	निर्गम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20	परिणाम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20
310.98	1. आनुवंशिक संसाधनों का मूल्यांकन एवं लक्षण-वर्णन	1.1 आनुवंशिक संसाधनों की संख्या	10	1. परियोजना क्षेत्र में पशुधन क्षेत्र की उत्पादकता में कुल वृद्धि	1.1 पशुधन की उत्पादकता में प्रतिशत की बढ़ोतरी	1
	2. जीन का आंशिक/ पूर्ण लक्षण-वर्णन/ अभिव्यक्ति प्रोफाईल	2.1 जीनों की संख्या	30			
	3. महत्वपूर्ण नस्लों का स्वस्थाने/ बाह्यस्थाने संरक्षण	3.1 वीर्य खुराकों की संख्या	55000			
	4. पशुधन एवं कुक्कुट पालन सुधार	4.1 नस्लों की संख्या	4			
	5. गुणवत्ता युक्त सांडों (गौपशु एवं भैंसों) से हिमीकृत वीर्य की खुराकों का उत्पादन	5.1 खुराकों की संख्या	396000			

	6. घेंटों (पिगलेट) (8-12 सप्ताह की आयु) का उत्पादन	6.1 घेंटों (पिगलेटों) की संख्या	4400			
	7. एक दिन एवं 6 सप्ताह की आयु के चुजों का उत्पादन एवं अंडों का सेना (हैचिंग)।	7.1 सेए गए एक दिन और 6 सप्ताह के चुजों की संख्या (लाख में)	18			
	8. आनुवंशिक चिह्नकों की पहचान एवं पशुधन तथा कुक्कुट रोग निदान, अपमिश्रकों तथा पर्यावरण प्रदूषक तत्वों के लिए नैदानिक किट का विकास	8.1 नैदानिक किटों सहित आनुवंशिक मार्करों की संख्या	10			
	9. उत्पादकता में सुधार के लिए विशिष्ट क्षेत्र आधारित आहार माड्यूल्स/आहार संयोजकों का विकास	9.1 आहार योगजों सहित आहार मॉड्यूल्स की संख्या	20			
	10. एआई प्रोटोकॉल का मानकीकरण एवं इसका प्रक्षेत्र प्रमाणीकरण किया जाना (गौपशु, भैंस, सूकर, याक, भेड़, मिथुन और अश्व)	10.1 हिमीकृत खुराकों सहित एआई की संख्या	12000			
	11. पुनर्उत्पादक क्षमता को बढ़ाने के लिए व्यवस्था-तंत्र की पहचान सहित नई एवं संशोधित उन्नत विधियां	11.1 नई उन्नत विधियों की संख्या/पहचान प्रक्रिया-विधि	15			
	12. पशु उत्पादों का उत्पादन और प्रसंस्करण (दूध, मांस और ऊन)	12.1 विकसित उत्पादों एवं प्रक्रियाओं की संख्या	30			

7. मात्स्यिकी विज्ञान (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (रु. करोड़ में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	निर्गम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20	परिणाम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20
142.39	1. मात्स्यिकी संसाधन मूल्यांकन हेतु खोज/सर्वेक्षण	1.1 किए गए खोज सर्वेक्षणों की संख्या	100	1. अंत: स्थल एवं समुद्र में मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में बढ़ोतरी	1.1 अंत:स्थल एवं समुद्री मत्स्य उत्पादन में बढ़ोतरी का प्रतिशत (%)	5
	2. वाणिज्यिक दृष्टि से पालन की जाने वाली समुद्री फिनफिश प्रजातियों की समुद्री जलजीव पालन प्रौद्योगिकी का विकास करना	2.1 विकसित की गई समुद्री जलजीव पालन प्रौद्योगिकियों की संख्या	1		1.2 परियोजना जलाश्यों से उत्पादन (किग्रा/हे./वर्ष)	190
	3. खुला समुद्र पिंजरा मछली पालन पद्धतियों का प्रदर्शन	3.1 प्रदर्शनों की संख्या	5		1.3 परियोजना आर्द्र भूमियों से उत्पादन (किग्रा/हे./वर्ष)	650
	4. सजावटी मछली प्रजातियों के प्रजनन प्रोटोकॉल का विकास	4.1 विकसित प्रजनन प्रोटोकॉल की संख्या	1	2. उन्नत जलजीव पालन प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यिकरण	2.1 वाणिज्यिकरण के लिए विकसित एवं अंतरित जलजीव पालन प्रौद्योगिकियां	2
	5. फिनफिश/शेल्फिश प्रजातियों की ब्रूड-स्टॉक एवं सीड उत्पादन प्रौद्योगिकियों का विकास	5.1 विकसित की गई ब्रूड-स्टॉक एवं बीज उत्पादन प्रौद्योगिकियों की संख्या	3	3. विकसित प्रौद्योगिकियों के आधार पर मार्किट किए गए संवृद्धित उत्पाद	3.1 प्रौद्योगिकियों के आधार पर अंतरित उत्पादों की संख्या	3
	6. मत्स्य स्वास्थ्य प्रबंधन प्रोटोकॉल का विकास करना	6.1 विकसित प्रबंधन प्रोटोकॉल की संख्या	3			
	7. दक्ष और लागत प्रभावी स्वदेशी आहार संरचना का विकास	7.1 विकसित की गई आहार संरचनाओं की संख्या	2			

	8. अंतस्थलीय खुले जल के लिए पिंजरा एवं पेन मछली पालन प्रोटोकॉल का प्रदर्शन	8.1 प्रदर्शनों की संख्या	5			
	9. विविधतापूर्ण एवं उत्तरदायित्वपूर्ण मछली पकड़ने के लिए फिशिंग गीयर डिजाईनों का विकास	9.1 विकसित किए गीयर डिजाईनों की संख्या	1			
	10. मूल्य संवर्धित एवं तैयार उत्पादों का तैयार किया जाना	10.1 विकसित उत्पादों की संख्या	3			
	11. मत्स्य प्रजातियों का आनुवंशिक लक्षण-वर्णन	11.1 किए गए आनुवांशिक लक्षण-वर्णनों की संख्या	40			
	12. संस्थानिक पीजी/डॉक्टॉरल कार्यक्रम उपाधि	12.1 प्रदान की गई डिग्रियों की संख्या	80			
	13. प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन कार्यक्रम	13.1 प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या	4500			

8. राष्ट्रीय उच्चतर कृषि शिक्षा परियोजना (ईएपी) (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (रु. करोड़ में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
223.68	1. शिक्षा सुविधाओं एवं पाठ्क्रमों में बढ़ोतरी	1.1 शैक्षणिक एवं अनुसंधान अवसंरचना की सुविधा के लिए नई सहायक ईकाइयां स्थापित की गई	5	1. विद्यार्थी एवं संकाय में सुधार	1.1 कृषि विश्वविद्यालयों में समय पर स्नातक दर में हुई बढ़ोतरी का %	2
		1.2 जोड़े गए/ उन्नयन किए गए नए प्रायोगिक (पायलेट) पाठ्यक्रम	5		1.2 भाकृअप प्रवेश परीक्षाओं में विद्यार्थियों	2

					के लिए विच्छेदक अंकों (कट ऑफ स्कोर) में हुई बढ़ोतरी का %	
		1.3 आंतरिक राजस्व उत्पन्न करने में हुई बढ़ोतरी का %	12		1.3 विद्यार्थियों के नौकरी पाने की दर में हुई बढ़ोतरी का %	2
					2.2 प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं संकाय-सदस्यों की संख्या	54000 (संचयी)
		1.4 संकाय-सदस्य एवं विद्यार्थी आदान-प्रदान (एक्सचेंज) कार्यक्रमों में हुई बढ़ोतरी (संख्या)	10	2. संकाय-सदस्य अनुसंधान प्रभाविता में हुई बढ़ोतरी	2.1 एच-इंडेक्स में हुई बढ़ोतरी का %	2
		1.5 स्नातकोत्तर एवं पीएचडी विद्यार्थियों के किए गए सैंडविच कार्यक्रम (संख्या)	3			
	2. अनुसंधान एवं प्राद्योगिकी अंतरण पहलों को बढ़ावा देना	2.1 इंडस्ट्री के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों में हुई बढ़ोतरी का %	2	3. विद्यार्थी एवं संकाय-सदस्यों को आंतरिक रूप से तैयार करने (इनब्रीडिंग) में कमी आई	3.1 अन्य राज्यों से प्रवेश प्राप्त करने वाले कृषि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों का %	4
		2.2 अंतरित की गई प्रौद्योगिकियों में बढ़ोतरी (संख्या)	10		3.2 एक से अधिक विश्वविद्यालय और एक से अधिक राज्य से उच्चतर शिक्षा-डिग्रियां प्राप्त करने वाले संकाय-सदस्यों का %	4
		2.3 राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी अनुदानों की संख्या में हुई बढ़ोतरी का %	10	4. शिक्षा प्रभाग/ भाकृअप के गुणवत्तापूर्ण	4.1 एयू विद्यार्थी संतुष्टि इंडेक्स में हुई बढ़ोतरी का %	3

		2.4 आरम्भ किए गए ई-गवर्नेंस पहलों में हुई बढ़ोतरी का %	4	आश्वासन वाली भूमिका से एयू विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की संतुष्टि में हुई बढ़ोतरी	4.2 संकाय-सदस्य संतुष्टि इंडेक्स में हुई बढ़ोतरी का %	4
	3. ज्ञान उन्नयन के लिए सेमिनारों/ कार्यशालाओं के आयोजन में वृद्धि	3.1 संकाय उन्नयन के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण संचालन	30	5. संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार	5.1 उद्योग-प्रायोजित परियोजनाओं की संख्या में वृद्धि तथा नवीनतम क्षेत्रों में स्थिति	10
		3.2 आयोजित उद्योग सेमिनार तथा व्यावसायिक कार्यशालाएं	8		5.2 भाकृअप विकास अनुदान के निष्पादन आधारित आवंटन में वृद्धि का %	2
		3.3 शिक्षा प्रभाग द्वारा सौंपे गए आईडीपी/सीएएएसटी/आईजी प्रस्ताव	5		5.3 संशोधित नियमों और मानकों के साथ प्रत्यायित कृषि विश्वविद्यालयों की संख्या में वृद्धि	67 (संचयी)
		3.4 नेक्स्ट जनरेशन एमआईएस/एफएमएस प्रणाली की शुरूआत	2		5.4 शैक्षणिक स्वायत्तता अर्जित करने वाले कृषि विश्वविद्यालयों में वृद्धि का %	37 (संचयी)
		3.5 क्षमता निर्माण के लिए बाह्य परामर्श पैनल द्वारा कृषि विश्वविद्यालयों का दौरा	10			
		3.6 राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित कार्यशालाएं/ सेमिनार	15			

आयुष मंत्रालय **मांग सं. 4**

1. आयुष शिक्षा/ औषध विकास और अनुसंधान/ क्लीनिकल रिसर्च/ लोक चिकित्सा आदि में लगे हुए गैर-सरकारी/ निजी क्षेत्र के उत्कृष्ट मान्यता प्राप्त आयुष केंद्रों के लिए सहायता (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (रु. करोड़ में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	निर्गम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20	परिणाम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20
5	1. आयुष संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उन्नत करने के लिए सहायता	1.1 संस्थानों की संख्या जिनको उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उन्नयित करने के लिए समर्थन करने की मंजूरी देदी। 1.2 उन संस्थानों की संख्या जिन्होंने उन्नयन प्रक्रिया पूरी कर ली है।	4 5	1. संस्थानों का उत्कृष्ट स्तर के कार्य और सुविधाओं के उन्नयन के लिए समर्थन	1.1 उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उन्नयित करने के लिए समर्थन हेतु अनुमोदन के लिए छांटे गए प्रस्तावों की संख्या। 1.2 उन संस्थानों की संख्या जिन्होंने आंशिक रूपसे अपनी परियोजनाओं को पूरा किया है और दूसरी किस्त का उपयोग किया है।	15 5

2. आयुष और जन स्वास्थ्य (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (रु. करोड़ में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
5	1. सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा के लिए आयुष हस्तक्षेप का समर्थन	1.1 संस्थानों की संख्या जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम आयोजित करने केलिए समर्थन करने के लिए मंजूरी दे दी है	10	1 सामुदायिक स्वास्थ्य परिचर्या के लिए आयुष उपचार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए संस्थानों को सहायता।	1.1 सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम आयोजित करने केलिए अनुमोदन हेतु छांटे गए हुए प्रस्तावों की संख्या।	10
		1.2 संस्थानों की संख्या जिन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम का आयोजन किया है	10		1.2 उन संस्थानों की संख्या जिन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम का आयोजन किया और पहली अथवा दूसरी किस्त का उपयोग कियाहै	10

3. केंद्रीय आयुष औषध नियंत्रक (सीडीएससीओ) (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रु. में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
1.41	1. आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी औषधियों का सीडीएससीओ में ऊर्ध्व संरचना के निर्माण के माध्यम से विनियमन	1.1 व्यय विभाग से अनुमोदित विनियामक पदों की बहाली	हाँ	1. औषधि और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 और नियमावली, 1945 के संगत प्रावधानों के अनुसार देश में आयुष औषधियों की गुणवत्ता	1.1 औषधि और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 और नियमावली, 1945 के संगत प्रावधानों को लागू करने के लिए आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी औषधियों के लिए	हाँ

				कासमग्र विनियमन।	एक केंद्रीय विनियामक ढ़ांचे का होना। 1.1 व्यय विभाग से विनियामक पदों का सृजन/बहाली और डीओपीटी तथा यूपीएससी के अनुमोदन से भर्ती नियम तैयार किए जाएंगे।	
		1.2 विनियामक पदों के भर्ती नियमों के अनुमोदन पर अनुवर्ती कार्रवाई	हाँ		1.2 विनियामक पदों के भर्ती प्रक्रिया आरंभ करना	हाँ
		1.3 आयुष औषधियों के विनियामक मुद्दों पर राज्यों में विनियामक प्रशिक्षण/ कार्यशालाओं का संचालन	हाँ			
		1.4 दो सांविधिक निकायों अर्थात् एएसयूडीटीएबी, एएसयूडीसीसी और डीटीएबी-होम्योपैथी की उप समिति की बैठकें	हाँ			
		1.5 औषधि और सौंदर्य प्रसाधन नियमावली, 1945 के अन्तरगत, आयुष औषधि विनिर्माण इकाइयों के निरीक्षण किए गए परिसरों की संख्या	हाँ			

4. सूचना, शिक्षा और संचार (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (रु.करोड़ में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
52.60	1. आयुष पद्धति की प्रभावकारिता के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना	1.1 राष्ट्रीय/राज्य आरोग्य मेलों का आयोजन	8	1. अनुसंधान और विकास कार्य के सिद्ध परिणाम प्रचार की ऑडियोविजुअल, शैक्षिक सामग्री के माध्यम से आयुष पद्धति की प्रभाविकता के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना	1.1 आरोग्य मेलों द्वारा आयुष पद्धति की प्रभावकारिता के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना। (आगंतुक लगभग)	150000
		1.2 स्वास्थ्य मेले/मेले में भागीदारी;	12		1.2 मेलों/प्रदर्शनी के माध्यम से आयुष पद्धति की प्रभावकारिता के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना। (आगंतुक लगभग)	30000
		1.3 आयुष पद्धतियों पर बहु माध्यमिक अभियान और प्रचार सामग्री का वितरण	6		1.3 मल्टीमीडिया और प्रिंटमीडिया के माध्यम से आयुष पद्धति की प्रभावकारिता के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना। (लोग लगभग)	20 करोड़
		1.4 सम्मेलन/ संगोष्ठी/ कार्यशाला आदि के माध्यम से आयुष पद्धति के हित धारकों के बीच एक मंच प्रदानकरना	12		1.4 सेमिनार के माध्यम से आयुषपद्धति की प्रभावकारिता के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना। (हितधारी लगभग)	10000
		1.5 आयुष पद्धति के महत्वपूर्ण दिनों का समारोह	6		1.5 आयुष दिवसों (अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस /आयुर्वेद /सिद्ध) के माध्यम से आयुष पद्धति की प्रभावकारिता के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना। (नागरिक लगभग)	5 करोड़

5. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का संवर्धन (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (रु. करोड़ में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
16	1. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय सहायता	1.1 विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति 1.2 अनुसंधान दस्तावेज 1.3 व्यापारमेला 1.4 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 1.5 आयुष चेयर 1.6 सूचना प्रकोष्ठों 1.7 अंतर्राष्ट्रीय अध्ययेतावृत्ति	28 12 20 30 08 04 119	1. भारत और विदेशों में भारतीय चिकित्सा पद्धति का संवर्धन और प्रसार।	1.1 अंतिम रूप दिए गए अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय करारों की संख्या	1

6. एएसयू औषधियों के लिए भेषज सतर्कता पहल (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रु. में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
1.80	1. राष्ट्रीय भेषज सतर्कता समन्वय केंद्र (एनपीवीसीसी), मध्यवर्ती भेषज सतर्कता केंद्रों (आईपीवीसीएस) और परिधीय भेषज सतर्कता केंद्रों (पीपीवीसीएस) के	1.1 स्थापित राष्ट्रीय भेषज सतर्कता समन्वय केंद्र (एनपीवीसीसी), मध्यवर्ती भेषज सतर्कता केंद्रों (आईपीवीसीएस) और परिधीय भेषज सतर्कता केंद्रों (पीपीवीसीएस) की संख्या। 1.2 एएसयूएंडएच डॉक्टरों, राज्य औषध नियंत्रकों,	60 परिधीय भेषज सतर्कता केंद्रों की स्थापना करना 800	1. राष्ट्रीय भेषज सतर्कता समन्वय केंद्र (एनपीवीसीसी), मध्यवर्ती भेषज सतर्कता केंद्रों (आईपीवीसीएस) और परिधीय भेषज सतर्कता केंद्रों (पीपीवीसीएस) के माध्यम से एएसयूएंडएच औषधियों के प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं	1.1 कई परिचालन केंद्रों की सुरक्षा निगरानी की गई और एएसयू एंड एच औषध और विपणन उपरांत उनके भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी की गई	60 परिधीय भेषज सतर्कता केंद्रों को कार्यात्मक बनाना।

	माध्यम से एएसयूएंडएच औषधियों के प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं का एक व्यवस्थित आंकड़ा आधार विकसित करना।	प्रशिक्षित निरीक्षकों की कुल संख्या।		का एक व्यवस्थित आंकड़ा आधार विकसित करना।		

7. आयुष कार्मिकों का पुन:उन्मुखीकरण/ प्रशिक्षण कार्यक्रम/ निरंतर चिकित्सा शिक्षा (आरओटीपी/सीएमई) (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रु. में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
3.50	1. आयुष कार्मिकों की जानकारी के स्तरोन्नयन हेतु सीएमई कार्यक्रम	1.1 संचालित किए जाने वालो सीएमई कार्यक्रमों की संख्या	56	1. आयुष कार्मिकों की ज्ञानवृद्धि करना	1.1 सीएमई कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की संख्या	1200

8. अनुसंधान संस्थानों आदि के माध्यम से वर्हिवर्ती अनुसंधान परियोजनाएं इत्यादि (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रु. में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
6	1. आयुष औषधियों एवं उपचारों को मानकीकृत/मान्य और विकसित करने हेतु विभिन्न अनुसंधान संगठनों को सहायता प्रदान करना।	1.1 शुरु की गई नई परियोजनाएं। 1.2 चालू परियोजनाओं को जारी रखना।	20 30	1. प्राथमिकता वाले रोगों के उपचार हेतु वर्हिवर्ती पद्धति में अनुसंधान और विकास को सहायता प्रदान करना। - आयुष औषधियों एवं उपचारों की सुरक्षा, प्रभावकारिता और गुणवता के लिए उसका मानकीकरण/वैधीकरण और वैज्ञानिक साक्ष्य विकसित करना। - अंत:विषय दृष्टिकोण के साथ आयुष पद्धति का वैज्ञानिक अन्वेषण करना। - प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में आवश्यकता	1.1 प्रकाशित दस्तावेजों की संख्या 1.2 पूर्ण परियोजनाओं की संख्या	प्रत्येक 15 15

				आधारित परिणामों की प्राप्ति। - आयुष पद्धति में विशेष रूप से आयुष पद्धतियों के लिए अभिरूचि और विशेषज्ञता विकसित करने हेतु मानव संसाधन क्षमता पैदा करना।		

रसायन और पेट्रोरसायन विभाग

1. असम गैस क्रैकर परियोजना (सीएस)

वित्तीय व्यय (करोड़ रुपये में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
100.00	1. लंबित देनदारियों के एवज में भुगतान।	1.1 लंबित देनदारियों कोनिपटाने के लिए भुगतान की गई राशि (रु. में)	100.00[4]	1. ब्रह्मपुत्र क्रैकर और पॉलिमर लिमिटेड की वित्तीय स्थिति में सुधार।	1.1 लंबित देनदारियों के कारण बकाया भुगतान की राशि (रु. में)	149.45

2. रसायन संवर्धन और विकास योजना (सीएस)

वित्तीय व्यय (करोड़ रुपये में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
3	1. रासायनिक और पेट्रोरसायन उद्योग के	1.1 प्रशिक्षण सत्रों/गतिविधियों/ज्ञान सुधार कार्यक्रमों की संख्या।	2	1. प्लास्टिक उद्योग में प्रशिक्षित	1.1 प्रशिक्षण सत्र/ज्ञान सुधार	1200-1500

[4] असम गैस क्रैकर परियोजना (एजीसीपी) को ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल), असम द्वारा 2 जनवरी, 2016 को 9965 करोड़ रुपये की कैप्टिव सब्सिडी सहित 5239.45 करोड़ रुपए की लागत से निगमित किया गया है। कुल सब्सिडी में से अब तक 4990 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। शेष पूंजी सब्सिडी 249.45 करोड़ रुपए का भुगतान होना बाकी है। वित्त मंत्रालय ने एजीसीपी के लिए 2019-20 100 करोड़ रुपए के आवंटन की पुष्टि की है। आरई 2019-20 में 149.45 करोड़ मांगे जाएंगे।

	विकास से संबंधित मुद्दों पर गौर करने के लिए प्रशिक्षण सत्र/गतिविधियाँ/ज्ञान सुधार कार्यक्रम।			कार्यबल/ज्ञान की बेहतर उपलब्धता।	कार्यक्रमों/कार्यशालाओं/ सम्मेलनों/ सेमिनारों/ शिखर सम्मेलनों में भाग ले चुके कुल प्रतिभागी।	
					1.2 अध्ययन रिपोर्टों के उद्धरणों की संख्या।	*
					1.3 उच्च प्रभाव वाले प्रकाशनों की संख्या।	*
	2. प्रचार सामग्री और सेमिनार/ कार्यशालाओं/ सम्मेलनों/ शिखर/ सम्मेलनों/ प्रदर्शनियों आदि के संचालन की तैयारी।	2.1 तैयार की गई प्रचार सामग्री की मात्रा तैयार।	*			
		2.2 संचालित सेमिनार/ कार्यशालाओं/सम्मेलनों/ शिखर सम्मेलनों/प्रदर्शनियों की संख्या।	15-20			
	3. अध्ययन, सर्वेक्षण और क्षेत्र की रिपोर्ट का संचालन।	3.1 संचालित अध्ययन और सर्वेक्षण की कुल संख्या और तैयार किए गए सेक्टर विशिष्ट रिपोर्ट।	*			

* *अभी तक कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।*

3. पेट्रो रसायन का संवर्धन (सीएस)

वित्तीय व्यय (करोड़ रुपये में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
31.65	1. प्लास्टिक पार्कों की स्थापना और विभिन्न बुनियादी अवसंरचना इकाइयों का निर्माण।	1.1 स्थापित प्लास्टिक पार्कों की संख्या।	1[5]	1. गुणवत्ता वाले प्लास्टिक/उत्पाद के उत्पादन के साथ प्रतिस्पर्धा में वृद्धि	1.1 प्लास्टिक/प्लास्टिक उत्पादों (एमटी में) का कुल उत्पादन।	*
		1.2 मौजूदा प्लास्टिक पार्कों में उन्नत इकाइयों की संख्या।	*[6]		1.2 परीक्षण और पुनर्चक्रण प्रौद्योगिकियों में सुधार (परीक्षण और पुनर्चक्रण क्षमता प्रति वर्ष परीक्षण किए गए नमूनों की संख्या में जोड़ी गई)	*
		1.3 प्लास्टिक पार्कों में लगाए गए प्लास्टिक उत्पादन/प्रसंस्करण इकाइयों की नई इकाइयों की संख्या।	परिचालन शुरू करने के लिए 25% इकाइयाँ।	2. प्लास्टिक उद्योग में रोजगार के बेहतर अवसर।	2.1 प्लास्टिक पार्कों में कार्यरत लोगों की संख्या।	2500
		1.4 उन्नत और स्थापित प्लास्टिक पार्कों में जोड़ी गई कुल क्षमता (कुल प्लास्टिक/बहुलक उत्पादन के संदर्भ में)	मध्यप्रदेश प्लास्टिक पार्क में स्थापित की जाने वाली 39 इकाइयाँ (डीपीआर में दर्शाई गई 155 में से)			
	2. पेट्रोरसायन और	2.1 नई प्रौद्योगिकियों की संख्या	लगभग	3. पेट्रोरसायन और	3.1 व्यवसायीकृत की गई नई	0 (राष्ट्रीय

[5] *रायसेन, तमोट, मध्य प्रदेश में प्लास्टिक पार्क परियोजना से संबंधित गतिविधियों को पूरा करना*

[6] *इकाइयों का कोई उन्नयन शामिल नहीं है। योजना के तहत समर्थित केवल नई इकाइयों की स्थापना।*

	डाउनस्ट्रीम प्लास्टिक प्रसंस्करण उद्योग में प्रौद्योगिकी नवाचारों के लिए पुरस्कार	जिसके लिए पुरस्कार दिए गए हैं।	22 पुरस्कार दिए जाने हैं। (11 विजेता और 11 उपविजेता को 9वें राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 11 श्रेणियों के तहत।)	प्लास्टिक प्रसंस्करण उद्योग में नई तकनीकों का व्यावसायीकरण।	प्रौद्योगिकियों की संख्या।	पुरस्कारों से अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है)।
				4. पेट्रोरसायन और डाउनस्ट्रीम प्लास्टिक प्रसंस्करण उद्योग की नई प्रौद्योगिकियों के आधार पर पेटेंट दर्ज किए गए।	4.1 कुल दायर किए गए पेटेंट की संख्या।	नई तकनीक के आरएंडडी के आधार पर, 02 पेटेंट दायर किए जाएंगे।

औषध विभाग

1. राष्ट्रीय औषध शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (नाईपर) (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रुपयेमें)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	निर्गम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20	परिणाम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20
150	1. सभी नाईपरों के लिए बुनियादी ढांचे सहित भवनों का निर्माण	1.1 बुनियादी ढांचे सहित भवनों के 100% पूर्ण निर्माण के साथनाईपरों की संख्या।	दो (i) नाईपर, गुवाहाटी (ii) नाईपर, अहमदाबाद	1. औषध अनुसंधान एवं विकास में विशेषज्ञों की संख्या और गुणवत्ता में वृद्धि	1.1 औषध अनुसंधान एवं विकासमें विशेषज्ञ बनने के लिए प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या	550
	2. शोध प्रकाशन, पेटेंट/औषधियों की खोज	2.1 शोध प्रकाशनों की संख्या	200			
		2.2 पेटेंट/औषधियों की खोज की संख्या	10			
	3. वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए औषध उद्योगों के साथ सहयोग	3.1 वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए औषध उद्योगों के सहयोग से हस्ताक्षरितसहमति ज्ञापन कीसंख्या	30			

2. जन औषधि परियोजना (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (रूपए करोड़ में)	निर्गम 2019-20			परिणाम 2019-20		
2019-20	निर्गम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20	परिणाम	संकेतक	लक्ष्य 2019-20
42	1. वहनीय दवाइयों और जेनेरिक स्वास्थ्य परिचर्या उपकरणों की पर्याप्त बाजार उपलब्धता	1.1 प्रत्येक राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र में प्रचालित जन औषधि केन्द्रों की संख्या	मार्च, 2020 के अंत तक 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 6000 पीएमबीजेपी केन्द्र कार्य कर रहे होंगे।	1. घरेलू औषध बाजार में जेनेरिक दवाइयों का पर्याप्त हिस्सा	1.1 मात्रात्मक रूप में जेनेरिक दवाइयों के बाजार हिस्से का प्रतिशत	10%
	2. दवाइयों और उपकरणों की पूर्ण एवं व्यापक बास्केट	2.1 बास्केट में दवाइयों की कुल संख्याका औसतन 50 प्रतिशत या इससे अधिक रखने वाले पीएमबीजेपी केन्द्रों के मालिकों की संख्या	100%	2. सभी चिकित्सीय समूहों और आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) की दवाओं को कवर किया जाना है	2.1 आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) की सूची के अनुसार कवरेज	90%
	3. वित्तीय प्रोत्साहन का प्रावधान	3.1 ऐसे केन्द्रों की संख्या जिन्हें डीबीटी के माध्यम से बिक्री प्रोत्साहन नियमित रूप से प्रदान किए जा रहे हैं।	100%	3. 25.00 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे	3.1 प्रोत्साहन का वितरण डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा और पीएफएमएस में प्रवेश किया जाएगा	100%
	4. बीपीपीआई द्वारा दवाइयों, सर्जिकल सामग्री और उपकरणों आदि का प्रभावशाली आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन	4.1 भंडार में खत्म हुई दवाइयों की संख्या	*	4. दुकानों में पीओएस सॉफ्टवेयर की स्थापना	4.1 ऑनलाइन प्लेसमेंट खरीद के आदेश पीओएस माध्यम से	90%

**** संकेतक के लिए लक्ष्य जवाबदेह नहीं है।***

3. औषध उद्योग का विकास (सीएस)

वित्तीय परिव्यय (करोड़ रुपए में)	**निर्गम 2019-20**			**परिणाम 2019-20**		
2019-20	**निर्गम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**	**परिणाम**	**संकेतक**	**लक्ष्य 2019-20**
	क) उप-योजना: औषध संवर्धन और विकास योजना (पीपीडीए)					
	1. **औषध उद्योग की वृद्धि से संबंधित मामलों पर सम्मेलन/ सेमिनार/ कार्यशालाओं का आयोजन**	1.1 **आयोजित सम्मेलनों/ सेमिनारों /कार्यशालाओं की संख्या**	10	1. **उभरती प्रौद्योगिकियों और उद्योगों के लिए प्रासंगिक उनके मुद्दों पर औषध उद्योग की जागरूकता/संवेदीकरण को बढ़ाना**	1.1 **डब्ल्यूएचओ-जीएमपी विनिर्माता की संख्या में वृद्धि**	10 **प्रतिशत वृद्धि**
	(ख) उप-योजना:- औषध क्षेत्र के लिए क्लस्टर विकास कार्यक्रम (सीडीपी-पीएस)[7]					
8.30	2. सामान्य सुविधा केंद्र का निर्माण (सीएफसी)	2.1 प्रचालित सीएफसी की संख्या	1	2. घरेलू औषध उद्योग में, विशेष रूप से सामान्य विश्व स्तरीय सुविधाओं के निर्माण के माध्यम से एसएमई में गुणवत्ता, उत्पादकता और नवीन क्षमताओं को बढ़ाना	2.1 अनुमोदित परियोजनाओं की संख्या	2 सीएफसी

[7] *विभाग सामान्य सुविधाओं के लिए सीडीपी-पीएस से सहायता के लिए फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए उप-योजना का नाम बदल रहा है।*

4. उपभोक्ता जागरूकता प्रचार और मूल्य निगरानी (सीएस)

